# बिहार विधान परिषद

## (193 बिहार विधान परिषद् का शीतकालीन सत्र)

## 25 नवम्बर 2019

\- - - -

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**23**

\- - - -

### मनरेगा के तहत रोजगार

***1 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ने बिहार के मनरेगा सामग्री मद में लंबित 417 करोड़ 72 लाख 83 हजार रुपये माह अगस्त, 2019 में जारी कर दिया गया है तथा राज्य कोष से 16 करोड़ रूपये मानव दिवस का श्रम बजट स्वीकृत है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित राशियों के आवंटन के बावजूद राज्य के मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार पर्याप्त योजनाओं से नहीं मिल पा रहा है, जिलों के बाढ़ एवं सुखाड़ की और खाकर पटना, नवादा, जमुई आदि प्रभावित जिलों के मजदूर मजदूरी करने के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पलायन कर रहे मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया कराने का विचार रखती है, ताकि पलयन को रोका जा सके ?

\- - - -

### अंडरपास का निर्माण

***2 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय रेलवे स्टेशन के दक्षिणी सीमा से एकदम सटकर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-31 अवस्थित है जहां वाहनों के साथ-साथ यात्रियों के पैदल चलने से भयावह जाम की स्थिति दिन-रात बनी रहती है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थल पर जाम की स्थिति से छुटकारा स्थायी रूप से दिलाने हेतु 'अंडरपास' का निर्माण कराना चाहती है? यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल निर्माण

*3 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के विजयपुर के खनुआ नदी के खुटहा घाट पर पुलों निर्माण कराने को लेकर 2015 में मा. मंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है ;

(ख) क्या यह सही है कि स्थल निरीक्षण करके पुल निर्माण हेतु अनुमानित लागत 390 लाख का प्रतिवेदन भी समर्पित किया जा चुका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पुल निर्माण की राशि निर्गत करेगी; यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## पंचायत के तालाब एवं कुएं की खुदाई

*4 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के पर्यावरण संरक्षण हेतु जल जीवन हरियाली मेगा अभियान की विधिवत शुरुआत दिनांक-26 अक्टूबर 2019 से की गयी है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस अभियान के तहत राज्य के हर पंचायत के तालाब एवं कुएं की खुदाई, सड़कों के किनारे वृक्षारोपण, सरकारी भवन पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा सौर ऊर्जा को बढ़ाने हेतु सोलर प्लेट लगाने ऐसे 11 तरह के कार्य किए जाने की

व्यवस्था की गयी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सीतामढ़ी जिला के एक भी पंचायत में उक्त अभियान के तहत एक भी काम की शुरुआत क्यों नहीं की गयी है तथा इसका क्या औचित्य है ?

----

## अधूरे कार्य का निर्माण

*5 **श्री सलमान रागीब (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला स्थित र्क्वाटर सं0 352/800, लाल बहादुर शास्त्रीनगर में वित्तीय वर्ष 2016-17 में कार्य किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त र्क्वाटर में कार्य अधूरा किया गया ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त र्क्वाटर में किचन एवं बाथरूम में पानी चूता है ;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त र्क्वाटर का टाईल्स एवं रंग रोगन भी खराब हो गया है ;

(ङ) क्या यह सही है कि सरकार क्वार्टर सं0- 352/800, लाल बहादुर शास्त्रीनगर में छूटे हुए कार्य को अविलंब कराना चाहती है ?

----

## पुल निर्माण

*6 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज पीपरा कोठी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंडक नदी में महमदपुर खजुरिया को जोड़ने वाला पुल अत्यंत क्षतिग्रस्त है और किसी भी समय इस पुल पर जान -माल को खतरा हो सकता है ;

(ख) क्या यह सही है कि इसके समानान्तर बनने वाला पुल आधा-अधूरा पड़ा है, जिसके निर्माण की कोई संभावना दिखाई नहीं पड़ती है ;

(ग) क्या यह सही है कि महमदपुर खजुरिया पुल से प्रति दिन हजारों की संख्या में बड़े ट्रक तथा छोटी गाडि़यां गुजरती हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार इस पुल की मरम्मत और नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

***7 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा रेलवे स्टेशन से जज कोठी मोड़,महावीर, टोला बड़ी मठिआ, शिवगंज होते हुए सपना सिनेमा बाईपास तक पथ निर्माण विभाग की सड़क है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ में बड़ी स्कूल बस एवं अन्य वाहन काफी मात्रा में आते-जाते रहते हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ की चौड़ाई कम रहने के चलते आम लोग प्रतिदिन घंटों जाम में फंसे रहते है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार आम लोगों को सड़क जाम से निजात दिलाने के लिए इस सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, और नहीं तो क्यों ?

----

## पथ की मरम्मति

***8 श्रीमती मनोरमा देवी (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी में G.T. रोड स्थित ग्राम भलुआ से लखैपुर भाया बैघनाथपुर अमकोल होते हुए जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क (G.T. रोड) के खराब रहने से गाडि़यों के परिचालन में कठिनाई हो रही है

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो खंड 'क' में वर्णित पथ की मरम्मती क्या सरकार शीध्र कराना चाहती है ?

----

## कमला नदी पर पुल निर्माण

*9 **श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत -37 विधान सभी निर्वाचन क्षेत्र राजनगर में दो प्रखण्ड राजनगर और अंधराठाढ़ी पड़ता है, और दोनों प्रखण्ड मुख्यालय की दूरी बाबूबरही क्षेत्र होकर 35 कि.मी. एवं झंझारपुर क्षेत्र होकर 51 कि.मी. है ;

(ख) क्या यह सही है कि दोनों प्रखण्डों राजनगर एवं अंधराठाढ़ी के मध्य कमला नदी में पुल वन जाने पर इसकी दूरी मात्र18 कि.मी. हो जायेगी तथा विधान सभा एवं लोकसभा के निर्वाचन के समय 'आदर्श आचार संहिता ' का उल्लंघन भी नहीं होगा ;

(ग) क्या यह सही है कि विधान सभा एवं लोक सभा निर्वाचन के समय आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन अपराध है जिसके बावजूद एक ही निर्वाचन क्षेत्र के दोनों प्रखण्डों में भ्रमण के लिए बाबूबरही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं झंझारपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र होकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर जाना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक दोनों प्रखण्डों के बीच कमलानदी पर पुल बनाकर दूरी कम करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंधन के अपराध से मुक्त करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*10 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के बख्तियारपुर प्रखंड के डोमा-करौटा ग्राम से गौतम टोला होते हुए लखीपुर तक सड़क जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है डोमा ग्राम की नापी हुई थी किन्तु आज तक सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्राम डोमा होते हुए करौटा ग्राम में गौतम टोला लखीपुर जाने के िलिए सड़क का निर्माण कराना चाहती है यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## सेवांत लाभ का भुगतान

***11 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि श्री हृदय बच्चन सिंह, योजना अभियंता के पद पर मुख्य अभियंता, पटना के कार्यालय में पदस्थापित थे, जिनकी सेवाकाल में ही आकस्मिक मृत्यु दिनांक-24.05.2019 को हो गई थी ;

(ख) क्या यह सही है कि श्री सिंह की मृत्यु के छह माह बाद भी उनके आश्रितों को अबतक बकाया वेतन, सेवांत लाभ एवं अन्य बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार मृतक के आश्रितों को कबतक सेवांत लाभ सहित अन्य बकाया राशि का भुगतान करने का विचार रखती है ?

----

## मानदेय का भुगतान

***12 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के प्रखंड-जीरादेई, ग्राम पंचायत-अकोल्ही के वार्ड सदस्यों को एक वर्ष का एक-मुश्त मानदेय का भुगतान किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि अकोल्ही पंचायत के अन्य जल-प्रतिनिधियों, पंचों के मानदेय का भुगतान एक वर्ष का न करके मात्र पांच माह का कर दिया गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा मानदेय के भुगतान में दोहरी नीति अपनाने के कारण अन्य पंचायत प्रतिनिधियों, पंचों में निराशा उत्पन्न हो गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वार्ड सदस्यों की तरह पंचों के भी एकमुश्त मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## योजना की स्वीकृति

***13 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चत योजना के अंतर्गत पक्की नाली गली बनाने में कई जिलों से पटना पीछे है ;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2018-19 में पटना जिले की ग्राम पंचायतों से 1,93,189 घरों के पास पक्की नाली-गली बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई थी, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत ही कार्य हुआ है ;

(ग) क्या यह सही है कि पटना जिले में 322 ग्राम पंचायतों में 139 में ही योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है और गया जिला में 332 पंचायतों में से 254 में योजनाओं की स्वीकृति दी गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सभी ग्राम पंचायतों की योजनाओं की स्वीकृति के साथ-साथ पटना के बाकी बचे 50 प्रतिशत घरों के पास पक्की नाली गली बनवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक

----

## दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*14 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन एवं भत्ते का भुगतान अप्रील 2018 से लंबित है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय एवं भत्ते के भुगतान के मद में राशि उपलब्ध है किन्तु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनमाने एवं गलत रवैये के कारण अभी तक भुगतान नहीं हो सका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वैशाली जिले के पंचायत प्रतिनिधियों के लंबित मानदेय एवं भत्ते का तुरंत भुगतान कराते हुए विलंब करने के दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क योजना के तहत निर्माण

*15 **श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सही है कि सारण जिले के इसुआरपुर प्रखंड कुम्हैला ग्राम के सीमा से मसरख प्रखंड के नवादा ग्राम में मसरख-सहाजितपुर मुख्य सड़क से मिलने वाली ग्रामीण सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की जर्जर स्थिति के कारण कई गांव के निवासियों को आवागमन में काफी असुविधा होती है, खासकर बरसात के दिनों में चलना दूभर हो जाता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस सड़क का मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## तालाब का पुनर्निर्माण

*16 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत मोआपकलॉ पंचायत, थाना-ईमादपुर के ग्राम-खुटहॉ में बिहार सरकार का लगभग 46 डी. का तालाब गड़ही( खाता सं0-260, थाना सं0-435, खेसरा सं0-649) है जिसपर पंचायत के वर्तमान मुखिया द्वारा मिट्टी भरकर कब्जा कर लिया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त तालाब को भर देने के लिए कारण वर्षा होने पर खुटहां ग्राम में पानी भरा रहता है जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित होता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सरकारी तालाब पर हुए अवैध कब्जे को हटाकर तालाब का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

***17 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड के पंचायत कोल्हुबार, ग्राम-माड़र मुख्य पथ से ग्राम-सिंहपुर, हुसेनी भुइयां के घर तक पथ का निर्माण नहीं हुआ है, इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

***18 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के भगवानपुर से संजात होते हुए रामपुर घाट पुल तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त सड़क के जर्जर रहने के कारण हमेशा दुर्घटना की आंशंका बनी रहती है एवं उक्त सड़क से आने -जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस सड़क का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पक्की सड़क का निर्माण

***19 श्री शिव प्रसन्न यादव (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों, गांवों, मुहल्लों तथा महादलित एवं

अतिपिछड़ा वर्ग के बस्तियों- मुहल्ले को मुख्य पक्की सड़क से जोड़ने की योजना है ;

(ख) क्या यह सही है कि सीवान जि▯लान्तर्गत आर.डब्लू.डी. सीवान प्रमंडल के हसनपुरा प्रखंड स्थित राजमन्दरा पाली पंचायत के ग्राम मन्दरापाली के पश्चिम महादलित टोला, आर.डब्लू .डी. महाराजगंज प्रमंडल के दरौंदा प्रखंड स्थित राजमढसरा पंचायत के घनी आबादी वाले महादलित टोला मड़सरा तथा रसुलपुर पंचायत के सतजोड़ा के मठिया के निकट वीन मल्लाह गिरि जाति के बसे टोला एवं उसी गांव के नोनिया टोले सहित सतमोड़ा अभी भी पक्के मार्ग से जुड़ने से वंचित रह गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष 2019-20 में खंड 'ख' में वर्णित महादलित एवं अति पिछड़ा वर्ग के टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## जर्जर सड़क की मरम्मती

*20 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत मनिकपुरा से बिन्दालाल रामपुर-मिल्की धोबी टोला होते हुए बेदूपुर मुख्य सड़क तक बनियापुर एवं एकमा प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़कों का निर्माण

*21 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के रुन्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत गाढ़ा चौक खोपी से प्रेमनगर तक सड़क काफी दयनीय है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के संकल्प सभी ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लक्ष्य के बाद भी आज तक उक्त सड़कों का निर्माण नहीं हो सका है ;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में रुन्नीसैदपुर प्रखंड के गाढ़ा चौक खोपी से प्रेमनगर तक जाने वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण अविलम्ब कराना चाहेगी, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क की मरम्मती

*22	**श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद)ः**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत फेसर पचरूखिया पथ की स्थिति काफी जर्जर है जिससे जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ में 50 से अधिक ठोकर हैं जिससे वाहनों को सुचारु आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है साथ ही उक्त पथ का अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त पथ की अनुरक्षण कार्य के तहत मरम्मती एवं सुचारु आवागमन हेतु ठोकर को हटाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल की मरम्मति

*23	**श्री हीरा प्रसाद बिन्द (विधान सभा)ः**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह जानकारी देने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला के हिलसा-नूरसराय पथ के नगर परिषद् हिलसा स्थित डोर नदी पर निर्मित पुल कई वर्षों से जर्जरावस्था में पड़ा हुआ ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जर्जरावस्था में पड़े हुए पुल पर बड़ी अप्रिय घटना घट जाने की आंशका बनी हुइ्र है, फिर भी विभागीय सक्षम पदाधिकारी एवं जल संसाधन विभाग के पदाधिकारीगण एवं नालंदा जिला प्रशासन अभी तक इसका संज्ञान नहीं ले रहे :

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताना चाहती है

कि खंड 'क' पर अंकित जर्जर पुल की किस परिस्थिति में मरम्मती नहीं की जा रही है और उसे कब तक मरम्मत ?

----